# 7 रक्त संबंध (BLOOD RELATION)

इस अध्याय में हम विभिन्न प्रकार के रक्त सम्बंधों का अध्ययन करेंगे। जैसे- माता के भाई को मामा कहते हैं तथा पिता के भाई को चाचा कहते है। नीचे दी गई तालिका में कुछ सम्बंधों की व्याख्या की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माता या पिता का बेटा | भाई |
| 2. | माता या पिता का बेटी | बहन |
| 3. | माता या पिता का भाई | मामा/चाचा |
| 4. | माता या पिता की बहन | मौसी/बुआ |
| 5. | माता या पिता का पिता | नाना/दादा |
| 6. | माता या पिता की माता | नानी/दादी |
| 7. | पुत्र की पत्नी | बहू |
| 8. | बेटी का पति | दामाद |
| 9. | पति या पत्नी की बहन | ननद/साली |
| 10. | पति या पत्नी का भाई | देवर/साला |
| 11. | भाई का बेटा/ बेटी | भतीजा/ भतीजी |
| 12. | बेटा/ बेटी/ बहन | भांजा/ भांजी |
| 13. | चाचा या चाची का पुत्र/पुत्री | चचेरा भाई/बहन |
| 14. | बहन का पति | बहनोई |
| 15. | भाई की पत्नी | भाभी |
| 16. | बेटे का बेटा/ बेटी | पोता/ पोती |
| 17. | बेटी का बेटा/ बेटी | नाती/ नातिन |
| 18. | पोते या पोती की पुत्री | परपोती |

1. एक व्यक्ति की ओर ईशारा करके, एक पुरूष एक औरत को कहता है कि "उसकी माँ अपने पिता की एकमात्र बेटी है"। औरत का व्यक्ति से क्या सम्बंध है?

(a) बेटी (b) बहन

(c) माता (d) पत्नी

हल: (c) अपने पिता की एकमात्र बेटी वह स्वयं है। अत: व्यक्ति उस औरत का बेटा है, अर्थात् औरत व्यक्ति की माँ है।

2. फोटो में एक स्त्री की ओर ईशारा करके शालू ने कहा, ''उसके पुत्र का पिता मेरी माँ का दामाद है।'' शालू का उस औरत से क्या सम्वंध है?

(a) चाची (b) बहन

(c) माँ (d) चचेरी बहन

हल: (b) औरत के पुत्र का पिता औरत का पति है। स्त्री का पति शालू की माँ का दामाद है। अत: स्त्री शालू की माँ की बेटी है। तो शालू स्त्री की बहन है।

3. अनिल, रोहित का परिचय करवाता है कि रोहित उसके पिता की पत्नी के एकमात्र भाई का बेटा है। रोहित का अनिल से क्या सम्बंध है।

(a) चचेरा/मौसेरा भाई (b) बेटा

(c) चाचा (d) दामाद

हल: (b) पिता की पत्नी - माता, माता का भाई -मामा, मामा का बेटा- मौसेरा भाई।

4. एक व्यक्ति की ओर ईशारा करके, अंजली ने कहा "वह मेरी बहन के भाई के पिता का एकमात्र पुत्र है" वह व्यक्ति अंजली से किस प्रकार सम्बंधित है।

(a) माता (b) पिता

(c) मामा (d) भाई

हल: (d) बहन का भाई-भाई, भाई का पिता-पिता, पिता का बेटा-भाई अत: फोटो में जो व्यक्ति है वह अंजली का भाई है।

5. रीटा ने मणी को कहा "जिस लड़की से कल मैं समुद्र किनारे मिला था वह मेरे मित्र की माँ के दामाद की सबसे छोटी बेटी है" लड़की रीता के मित्र से क्या सम्वंध रखती है।

(a) मौसेरी बहन/ चचेरी बहन (b) बेटी

(c) भतीजी (d) मित्र

हल: (d) दामाद की बेटी - भतीजी, माँ की भतीजी - मौसेरी बहन अत: लड़की, रीता के मित्र की मौसेरी बहन है।

6. एक औरत ने एक लड़के के साथ जा रही एक औरत से उनके रिश्ते के बारे में पूछा। औरत ने उत्तर दिया "मेरा मामा तथा उसके मामा का मामा एक ही है।" औरत का लड़के से क्या सम्बंध है?

(a) नानी तथा नाती (b) माँ तथा बेटा

(c) मौसी तथा भतीजा (d) इनमें से कोई नहीं।

हल: (d) यहाँ औरत की माँ का भाई, लड़के के मामा का मामा है तो औरत लड़के की माँ या मौसी हो सकती है।

7. एक औरत की तरफ ईशारा करके राजन ने कहा, "वह उस औरत की बेटी है जो मेरी माँ के पति की माँ है"। उस औरत का राजन से क्या सम्बंध है?

(a) बुआ (b) पोती

(c) बेटी (d) बहन

हल: (d) माँ का पति-पिता, पिता की माँ-दादी, दादी की बेटी-पिता की बहन, पिता की बहन-बुआ होती है। अत: वह औरत राजन की बुआ है।

www.pdfadda.com

8. एक व्यक्ति एक फोटो को देखकर कहता है "फोटो में जो औरत है वह मेरे भांजे की नानी है"। फोटो में जो औरत है वह व्यक्ति की बहन से किस प्रकार सम्बंधित है? जब व्यक्ति की एक ही बहन है।

(a) चचेरी/ मौसेरी बहन (b) भाभी

(c) माँ (d) सास

हल: **(c)** यहाँ औरत व्यक्ति की बहन के बेटे की नानी है। अत: बेटे की नानी बहन की माँ है। बहन की माँ अपनी माँ ही होती है।

9. नीचे दी गई सूचना को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

प्रशान्त अरोड़ा के तीन बच्चे है-संगीता, विमल तथा आशीष। आशीष ने मोनिका से शादी की, जो श्रीमान तथा श्रीमती रॉय की सबसे बड़ी बेटी है। रॉय ने अपनी सबसे छोटी बेटी की शादी श्रीमान तथा श्रीमती शर्मा के सबसे बड़े बेटे से करा दी तथा उनके दो बच्चे है, जो अमित और शशि है। रॉय परिवार के दो और बच्चे है, रोशन व वंदना। दोनों वीना से बड़े है। समीर तथा अजय, आशीष तथा मोनिका के बेटे है। रश्मि, अमित की बेटी है।

(क) रश्मि का उपनाम क्या होगा?

(a) शर्मा (b) रॉय (c) अरोड़ा

(d) पता नहीं लगाया जा सकता है।

(ख) समीर, मोनिका के पिता से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) पोता/नाती (b) बेटा (c) बेटा (d) दामाद

(ग) समीर का उपनाम क्या है?


(a) रॉय (b) शर्मा (c) अरोड़ा

(d) पता नहीं लगाया जा सकता है।

(घ) श्रीमती रॉय आशीष से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) चाची/मामी (b) सास (c) माँ (d) ननद/साली

हल: (d)




(क) रश्मि अमित की बेटी है, जो शर्मा परिवार का सबसे बड़ा बेटा है तथा वीना से विवाहित है जो रॉय परिवार की सबसे छोटी बेटी है। अत: रश्मि का उपनाम शर्मा है। उत्तर **(a)**

(ख) समीर आशीष का बेटा है जो प्रशान्त अरोड़ा का बेटा है, तो समीर मोनिका के पिता का नाती है। उत्तर **(a)**

(ग) समीर, आशीष का बेटा है जो प्रशान्त अरोड़ा का बेटा है। अत: समीर का उपनाम अरोड़ा होगा। उत्तर **(c)**

(घ) आशीष की शादी मोनिका से हुई है, जो रॉय परिवार की बेटी है। अत: श्रीमती रॉय आशीष की सास है। उत्तर **(b)**

10. एक औरत की ओर ईशारा करके एक व्यक्ति कहता है "वह मेरी सास के पति की एकमात्र बेटी की ननद है"। औरत का व्यक्ति से क्या सम्बंध है?

(a) बेटी (b) माँ

(c) बहू (d) बहन

हल: **(d)** सास के पति - ससुर

मेरे ससुर की एकमात्र बेटी - मेरी पत्नी

पत्नी की ननद - बहन

11. A, B का भाई है। C की शादी D से हुई है। यदि C B का भतीजा है, तो A, D से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) ससुर (b) सास

(c) दामाद (d) बहू

हल: **(a)** A, D का ससुर है।

12. एक फोटो को देखकर Y कहता है "वह मेरी बहन की नानी की बेटी का एकमात्र भाई है"। दूसरे फोटो को देखकर X कहता है "वह मेरी बहन की नानी की एकमात्र बेटी का एकमात्र भाई।" यदि दोनों फोटो में से एक या तो X का था या Y का था, तथा जिस फोटो की तरफ Y देखता है वह X का नहीं था। ज्ञात कीजिए Y, X से किस प्रकार सम्बंधित है?

(a) दादा (b) चाचा (c) मामा

(d) कुछ कहा नहीं जा सकता

हल: **(c)** Y जिस फोटो को देखता है, वह फोटो उसके मामा का है तथा X जिस फोटा को देखता है, वह उसके मामा का है।

Paramount Coaching Centre

## अभ्यास

1. A, B की बहन है। C, D का भाई है। यदि D, A की बहन है तो B, D से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(1) भाई (2) भाई या बहन (3) बहन
(4) जानकारी अधूरी है (5) इनमें से कोई नहीं

2. M, D की बहन है। D, K का भाई है। F, M की माता है तो K का F से क्या सम्बन्ध है?

(1) बेटा (2) बेटी (3) बेटा या बेटी
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

3. B, D का भाई है। D, E की बहन है। E, F का भाई है। F, B से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(1) भाई (2) बहन (3) भाई या बहन
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

4. B, C के पैटर्नल ग्रैंडफादर की इकलौती बेटी की इकलौती संतान है। C के पिता B से किस प्रकार संबंधित हैं?

(1) मामा (2) चाचा/ताऊ (3) पिता
(4) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

5. M, D की बहन है। R, D का भाई है। F, M का पिता है और T, R की माता है। D का T से क्या संबंध है?

(1) भाई (2) बेटा (3) बेटी
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

6. हरी की ओर संकेत कर सीमा कहती है कि वह मेरे सबसे बड़े पुत्र महेश का पैटर्नल ग्रैंडफादर है। हरी का सीमा से क्या संबंध है?

(1) पिता (2) अंकल (3) ब्रदर-इन-लॉ
(4) आँकड़े अधूरे हैं (5) इनमें से कोई नहीं

7. एक लड़की की ओर संकेत कर, मोहन ने कहा "यह मेरे ग्रैंडफादर की एकमात्र पुत्रवधू की पुत्री है।" मोहन का उस लड़की से क्या संबंध है?

(1) भाई (2) चाचा (3) कजन
(4) तय नहीं किया जा सकता
(5) इनमें से कोई नहीं

8. A, B से कहता है कि उसकी माँ A की माँ की सास है. A की माँ B की माँ से किस प्रकार संबधित है?

(1) बहू (2) सास (3) बहन
(4) आंटी (5) सिस्टर-इन-लॉ

9. किसी फोटो में किसी महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि वह मेरे एकमात्र पुत्र की सास की एकमात्र पुत्री है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) बेटी (2) पत्नी (3) बहू
(4) माँ (5) सास

10. एक फोटो में किसी महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि वह मेरे पिता के एकमात्र बहू की एकमात्र पुत्री है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) पत्नी (2) बेटी (3) बहू
(4) बहन (5) सिस्टर-इन-लॉ

11. किसी फोटो में किसी पुरुष की ओर ईशारा करते हुए एक महिला कहती है कि वह मेरे एकमात्र बहू के ससुर का पिता है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) पिता (2) भाई (3) पति
(4) साला (5) ससुर

12. किसी फोटो में किसी महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि वह मेरी पत्नी की सास की एकमात्र पुत्री है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) बेटी (2) पत्नी (3) बहन
(4) सिस्टर-इन-लॉ (5) सास

13. किसी फोटो में किसी महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि वह मेरे पिता की सास की एकमात्र पुत्री है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) बेटी (2) माँ (3) बहू
(4) सास (5) इनमें से कोई नहीं

14. किसी फोटो की ओर ईशारा करते हुए एक महिला कहती है कि यह मेरी सास के एकमात्र बेटे की बेटी का भाई है। उस व्यक्ति का उस महिला से क्या संबंध है?

(1) बेटा (2) भाई (3) साला/जीजा
(4) भतीजा (5) सही निर्धारित नहीं किया जा सकता

15. किसी फोटो की ओर ईशारा करते हुए एक महिला कहती है कि यह मेरे पति के पिता की पत्नी का बेटा है। उस व्यक्ति का उस महिला से क्या संबंध है?

(1) बेटा (2) दामाद (3) साला
(4) भाई (5) इनमें से कोई नहीं

16. किसी फोटो में पुरुष की ओर ईशारा करते हुए एक महिला कहती है कि वह मेरे ससुर के एकमात्र पोता (जिसे कोई अंकल नहीं हैं) की पत्नी का ससुर है उस व्यक्ति का उस महिला से क्या संबंध है?

(1) बेटा (2) पति (3) कजन
(4) भतीजा (5) दामाद

17. किसी फोटो में महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है "यह मेरे एकमात्र पुत्र के पिता की पत्नी की सास है।" उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) बेटी (2) पत्नी (3) बहू
(4) साली (5) इनमें से कोई नहीं

18. किसी फोटो में महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि यह मेरी बहू की सास के बेटे की दादी है। उस महिला की उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) माँ (2) सास (3) बहन
(4) पत्नी (5) साली

19. किसी फोटो में महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि यह मेरे पत्नी के भाई के पिता की पत्नी है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) माँ (2) सास (3) बहन
(4) साली (5) बेटी

20. किसी फोटो में महिला की ओर ईशारा करते हुए एक व्यक्ति कहता है कि वह मेरी सास के पति की एकमात्र संतान की ननद है। उस महिला का उस व्यक्ति से क्या संबंध है?

(1) बेटी (2) माँ (3) साली
(4) बहू (5) बहन

21. A, B और C का पिता है। B, A का पुत्र है किंतु C, A का पुत्र नहीं है। C का A से क्या संबंध है?

(1) पुत्री (2) पुत्र (3) भतीजी
(4) भतीजा (5) इनमें से कोई नहीं

22. मयंक ने कहा, "मेरी मां रजत के भाई (जिसे कोई बहन नहीं है) की बहन है"। रजत का मयंक से क्या संबंध है?

(1) चचेरा भाई (2) मामा (3) चाचा
(4) साला (5) इनमें से कोई नहीं

23. अजय, विजय का भाई है। मिली, अजय की बहन है। संजय, राहुल का भाई है और मेहुल विजय की पुत्री है। संजय का चाचा कौन है?

(1) राहुल (2) अजय (3) मेहुल
(4) दी गई सूचना अपर्याप्त है
(5) इनमें से कोई नहीं

24. एक व्यक्ति ने अपने साथ आ रहे लड़के का परिचय देते हुए कहा, "यह मेरी पत्नी की पुत्री के पिता का पुत्र है।" वह लड़का उस व्यक्ति का क्या है?

(1) दामाद (2) पुत्र (3) भाई
(4) पिता (5) इनमें से कोई नहीं

25. मि. वरूण ने अरूण की ओर संकेत करते हुए कहा,"वह मेरी बहन के एकमात्र भाई का पुत्र है।"अरूण का वरूण से क्या संबंध है?

(1) पुत्र (2) भाई (3) भतीजा
(4) दी गई सूचना अपर्याप्त है।
(5) इनमें से कोई नहीं

26. यदि अमित के पिता बिल्लू के पिता के एकमात्र पुत्र हैं और बिल्लू का कोई भी भाई नहीं है और न ही उसकी कोई पुत्री है तो बिल्लू और अमित के बीच क्या संबंध हैं?

(1) चाचा-भतीजा (2) पिता-पुत्री (3) पिता-पुत्र
(4) चचेरा भाई (5) इनमें से कोई नहीं

27. A, B की बहन है। B, C का पुत्र है तथा E, D की पुत्री और A की बहन है। D, C का कौन है?

(1) भाई (2) पति (3) पत्नी
(4) दी गई सूचना अपर्याप्त है
(5) इनमें से कोई नहीं

28. यदि B की मा A की मां की पुत्री है तो A, B की कौन है?

(1) चाचा (2) चाची (3) बहन
(4) सूचना अपर्याप्त है। (5) इनमें से कोई नहीं

29. फोटो में एक महिला की ओर संकेत करते हुए एक व्यक्ति ने कहा, "वह मेरी दादी के एकमात्र पुत्र की पुत्री है।" वह महिला उस व्यक्ति की क्या है?

(1) माँ (2) पुत्री (3) साली
(4) बहन (5) इनमें से कोई नहीं

30. एक पुरूष और एक महिला किसी एक कमरे में बैठे हैं। उस पुरूष की सास और उस महिला की सास आपस में मा और पुत्री हैं। वह व्यक्ति उस महिला का.......है।

(1) पिता (2) सास (3) नाना
(4) ददिया ससुर (5) ससुर

31. एक फोटो में एक महिला की ओर संकेत करते हुए किसी महिला ने कहा "वह मेरी मां के पिता की एकमात्र पुत्री है।" इस फोटो वाले व्यक्ति का महिला के साथ क्या संबंध है?

(1) माँ (2) दादी (3) पुत्री
(4) कहा नहीं जा सकता (5) इनमें से कोई नहीं

32. एक फोटो की ओर संकेत करते हुए एक महिला ने मोहन से कहा, "मैं इस महिला की एकमात्र पुत्री हूँ और इसका पुत्र तुम्हारा मामा है।" इस बोलने वाली महिला का मोहन के पिता से क्या संबंध है?

(1) पत्नी (2) साली (3) पत्नी या साली
(4) इनमें से कोई नहीं (5) पता नहीं किया जा सकता

33. A, B की माँ है। B के पिता C के तीन बच्चे हैं। इस सूचना के आधार पर बताए कि निम्नलिखित में से कौन सी सूचना निश्चित रूप से सत्य है।

(1) C की तीन पुत्रिया हैं (2) C के तीन पुत्र हैं
(3) B एक लड़का है (4) B की दो बहनें हैं
(5) इनमें से कोई नहीं

34. A, B का भाई है। A, C का भाई है। B का C से क्या संबंध है, यह जानने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी न्यूनतम अतिरिक्त जानकारी अपेक्षित है?

I. C का लिंग II. B का लिंग

(1) केवल I अपेक्षित है
(2) केवल II अपेक्षित है
(3) I या II में से कोई भी एक अपेक्षित है

(4) I और II दोनों अपेक्षित हैं

(5) I और II में से कोई भी अतिरिक्त जानकारी अपेक्षित नहीं है

35. क्या D, F का भाई है? इस प्रश्न का उत्तर ज्ञात करने के लिए नीचे A और B कथनों में दी गई कौन-सी सूचना पर्याप्त है?

(A) B के दो पुत्र है जिनमें एक F है

(B) D की माँ का विवाह B से हुआ है

(1) उपर्युक्त A और B दोनों में दी गई सूचनाएं अपेक्षित हैं

(2) उपर्यक्त A और B दोनों में दी गई सूचनाए पर्याप्त नहीं हैं

(3) केवल A में दी गई सूचना पर्याप्त है

(4) केवल B में दी गई सूचना पर्याप्त है

(5) A या B में दी गई सूचना पर्याप्त है

36. किसी पुरूष का अपने पति से परिचय कराते हुए एक महिला ने कहा "इसके भाई का पिता मेरे दादाजी का एकमात्र पुत्र है।" वह महिला उस पुरूष की क्या लगती है?

(1) चाचा (2) माँ (3) पुत्री
(4) सास (5) बहन

37. एक फोटोग्राफ की ओर इंगित करते हुए एक औरत ने एक लड़के से कहा, "मैं इस औरत की एकमात्र पुत्री हूँ और इसका बेटा तुम्हारा मामा है।" वक्ता का लड़के से क्या संबंध है?

(1) साली (2) पत्नी (3) बहन
(4) माँ (5) इनमें से कोई नहीं

38. एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरूष ने कहा, "उसके पति की माँ मेरे पिता के एकमात्र पुत्र की पत्नी है।" उस पुरूष और उस महिला के बीच क्या संबंध है?

(1) बेटा (2) साला (3) चाचा
(4) ससुर (5) दादा

39. एक महिला का परिचय कराते हुए एक पुरूष ने कहा, "उस महिला की मां के पति की बहन उस पुरूष की मां हैं।" उस पुरूष और उस महिला के बीच क्या संबंध है?

(1) ममेरे-फुफेरे भाई-बहन

(2) भतीजा-बुआ

(3) पिता-पुत्री

(4) दी गई सूचना अपर्याप्त है।

(5) इनमें से कोई नहीं

40. D, J का पुत्र है जो F का पुत्र है। P, R की पुत्री है। यदि N, P की बहन और J की पुत्री हो, तो J, R का क्या सम्बन्ध है?

(1) भाई (2) पिता (3) पति
(4) चाचा (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (41 - 45): नीचे दिए गए कथनों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तत्पश्चात् पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

P, R का पिता है, किंतु R उसका पुत्र नहीं है। T, R की पुत्री है। U, P की पत्नी है। Q, R का भाई है। S, Q का पुत्र है। V, Q की पत्नी है। W, V का पिता है।

41. S की दादी कौन है?

(1) W (2) P (3) R (4) U (5) इनमें से कोई नहीं

42. U का पुत्र कौन है?

(1) Q (2) R (3) T
(4) S (5) ज्ञात नहीं किया जा सकता

43. Q का ससुर कौन है?

(1) R (2) P (3) T (4) W (5) इनमें से कोई नहीं

44. R की सीस्टर-इन-लॉ कौन है?

(1) S (2) V (3) U (4) T (5) कहा नहीं जा सकता

45. T का ममेरा/चचेरा भाई कौन है?

(1) R (2) Q (3) W (4) S (5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (46 - 50): नीचे दिए गए कथन को सावधानीपूर्वक पढ़े और तत्पश्चात् पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:**

राधा और मि. मिन्नीलाल के दो पुत्रियां हैं- सिम्मी और दिव्या। दिव्या का विवाह अनुज से हुआ है जो मधु और मि. जब्बार का पुत्र है। रेशमा अनुज की पुत्री है। अनुज की बहन किरण का विवाह सुबोध से हुआ है और इनके तरूण और अमन दो पुत्र हैं। तरूण, मधु और जब्बार का नाती है।

46. अमन और रेशमा के बीच क्या संबंध है?

(1) चाचा-भतीजी (2) पिता-पुत्री (3) पति-पत्नी
(4) कजन (5) इनमें से कोई नहीं

47. सुबोध, जब्बार का क्या है?

(1) दामाद (2) पुत्र (3) भाई
(4) ससुर (5) इनमें से कोई नहीं

48. रेशमा, किरण की क्या है?

(1) भतीजी (2) पुत्री (3) माँ
(4) चाची (5) इनमें से कोई नहीं

49. दिव्या, किरण की कौन है?

(1) चाची (2) दादी (3) सीस्टर-इन-लॉ
(4) बहन (5) इनमें से कोई नहीं

50. निम्नलिखित मे से कौन सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?

(1) अमन, सिम्मी का पुत्र है।

(2) मधु, सुबोध की सास है।

(3) रेशमा, किरण की चचेरी बहन है।


(4) तरूण अनुज का अंकल है।


(5) इनमें से कोई नहीं।

Paramount Coaching Centre

**व्याख्यात्मक हल:**


1. (b) 


2. (c) 


3. (c) 


4. (a)


5. (d) D या तो पुत्र हे या पुत्री हैं।






6. (e) ससुर


7. (a)


8. (a)


9. (c) 



10. (b) 



11. (e) 


12. (c) 



13. (b) 



14. (a) 



15. (e) 



16. (b) 


17. (e) वह औरत उसकी माँ है।




18. (a) 



19. (b) 


20. (e) 



21. (a)

Paramount Coaching Centre


22. (b)





23. (d)




24. (b)





25. (a)




26. (c)





27. (d) D,C का हो पति है या पत्नी है।




28. (d) A या तो मामा है या मौसी है।





29. (d)

30. (e) ससुर


31. (a)




32. (a)





33. (e) B के दो सगे संबंध है जो किसी भी लिंग के हो सकते है।





34. (b) 35. (a) 36. (e) 37. (e)
38. (d) 39. (a) 40. (c)

**41-45 :-**




41. (d) 42. (a) 43. (d) 44. (b) 45. (d)

**46-50 :-**




46. (d) 47. (a) 48. (a) 49. (c) 50. (e)

**('+' का अर्थ है- पति-पत्नी)**

Paramount Coaching Centre